तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 14 मई 2025

12 कन्या विद्यालय गोविंदपुर का बारहवीं दसवीं का परिणाम...

12 कृषि संकल्प अभियान में वैज्ञानिक किसानों से ...

[भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा]

खबर संक्षेप

मुसुरपुट्टा से बैलगाड़ी से निकली बारात, पारंपरिक वेशभूषा में दिखा दूल्हा

बासनवाही। ग्राम मुसुरपुट्टा से एक बार फिर पारंपरिक वेशभूषा और पुरानी संस्कृति के साथ बैल गाड़ियों से निकाली गई। बारात जब निकली तो पारंपरिक वेशभूषा के साथ नृत्य करते नर्तकों की टोली और शानदार सजाए गए बैल गाड़ी की कतार बहुत ही मनमोहक था। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोगो की भीड़ लगी रही।

मुसुरपुट्टा निवासी बलिराम मरकाम के पुत्र जसवंत मरकाम की बाराती पुरानी संस्कृति के साथ बैल गाड़ियों से निकाली गई। बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही ग्राम मुसुरपुट्टा में बस चालक टकेंद्र कश्यप तथा बांगाबारी निवासी लोकेश ने इसी तरह अपनी पुरानी परंपराओं की ओर लौटना और शादी में होने वाले अनचाहे खर्चों को बचाते ▶▶ शेष पेज 10 पर

सड़क दुर्घटना : ट्रक की रफ्तार अधिक होने से पिकअप के उड़े परखच्चे

कच्चे में बोरगाड़ी और पिकअप की आमने सामने हुई भिड़त, एक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

कच्चे में बीती रात को कच्चे चौकी से 100 मीटर की दूरी पर बोरगाड़ी

- हादसे के बाद लगा लंबा जाम, घंटों बाद यातायात हुआ बहाल

और पिकअप में आमने सामने भिड़त हो गई, जिसमें पिकअप के परखच्चे उड़ गए और सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप चालक की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में टक्कर होने के बाद तेज आई आवाज को देखने के लिए रात को ही भीड़ जुट गई थी। भानुप्रतापपुर से दल्ली-राजहरा की ओर जा रही पिकअप क्रमांक सीजी 25 ई 9713 और विपरीत दिशा से आ रही बोरगाड़ी की सीधी टक्कर बीती रात को लगभग 10 बजे के आसपास कच्चे चौकी से 100 मीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग में हुआ। दोनो वाहनों में टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप का चालक ▶▶ शेष पेज 10 पर

तेज रफ्तार के चलते हुए हादसा, लगा लंबा जाम

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे यह टक्कर और घातक हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लंबा जाम लग गया। दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए कच्चे पुलिस चौकी की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू करने के प्रयास शुरू किए। काफी मशक्कत के बाद मार्ग को खाली कर यातायात बहाल किया जा सका। कच्चे चौकी की पुलिस ने दोनो वाहनों को सड़क के किनारे करवाकर यातायात को बहाल करवाया।

शव को सीएचसी भानुप्रतापपुर भेजा

पुलिस ने बिगड़ते माहौल और जाम को देखते हुए सबसे पहले पिकअप के मृतक चालक के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर भिजवाया गया। रात को ही मर्ग कायम करते हुए शव को 13 मई को पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

रफ्तार पर कब लगाई जाएगी लगाम

ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह हादसा ट्रक की तेज रफ्तार और लापरवाही का परिणाम बताया जा रहा है। बढ़ते सड़क हादसे एक बार फिर सवाल खड़े हो गए है कि भारी वाहनों की बेतरतीब आवाजाही और गति नियंत्रण के उपाय कितने प्रभावी हैं। भानुप्रतापपुर से कच्चे जैसे व्यस्त मार्गों पर सुरक्षा उपायों की अनदेखी इस तरह के हादसों को लगातार बढ़ावा दे रही है।

रात को असमाजिक तत्वों ने दुकान में लगाई आग, हजारों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

चाउरगांव के दुकान में आग लगने से दुकान के बाहर खड़ी स्कूटी और दुकान का

- सामान व स्कूटी जलकर हुई खाक

सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आग लगाने वाले के तालाश में जुटी गई। आग से लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। कोड़ेकुर्से थाना में शिकायत करने पहुंची 39 वर्षीय कुंभबत्ती कुलदीप पति स्व. नारद राम कुलदीप ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएम 7232 को अजय बोगा के दुकान में प्रतिदिन रखती थी, जो कि मेरे घर के सामने है। प्रतिदिन की तरह 11 मई की रात को उक्त वाहन को अजय बोगा के दुकान में रखी थी। बीती रात को साढ़े 10 बजे किसी असामाजिक तत्वों के द्वारा दुकान में आग लगा दिया, जिससे दुकान में रखा सामान जल गया। साथ में दुकान में रखी मेरी स्कूटी भी जलकर खाक हो गई। असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगाए जाने के चलते टीना, लकड़ी एवं सीमेंट सीट पूरी तरह से जल कर राख हो गया। आग लगने की जानकारी जब तक मिलती, तब तक सामान जलकर खाक हो गया था। पड़ोसियों की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया गया। असामाजिक त्तवों के द्वारा आग लगने से दुकान का लगभग 10 से 12 हजार रुपए का सामान जलकर नुकसान हुआ। इसके आलावा मेरी स्कूटी जिसे 76 हजार रुपए में खरीदी थी उसका भी नुकसान हुआ।

पुलिस ने शुरू की विवेचना

कोड़ेकुर्सी पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 326 (6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। पीड़ितों से संदेहियों की जानकारी लिया गया है और पुलिस उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए। संदेहियों की गतिविधि गड़बड़ दिखने पर उनको दबोचा जाएगा और कड़ाई से पूछताछ किया जाएगा।

शहर के मुख्य मार्ग में नाली निर्माण के चलते वाहनों को डायवर्ट कराया गया

कांकेर। यातायात पुलिस द्वारा शहर में नाली निर्माण मस्जिद चौक से वृंदावन होटल तक चलने के कारण छोटी व बड़ी वाहनों को डायवर्ट 14 मई से कराया जायगा, जिसमें यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जा सके। कांकेर शहर के मध्य में नाली निर्माण होने के कारण घड़ी चौक की ओर से आने वाली बड़े वाहन ऊपर नीचे रोड, पंडरीपानी, बरदेभाटा, ज्ञानी चौक होते हुए नया बस स्टैंड पहुंचेगी। ज्ञानी चौक से शहर की ओर आने वाली बड़े वाहन नया बस स्टैंड से वापिस ज्ञानी चौक, बरदेभाटा, पंडरीपानी होते हुए ऊपर नीचे रोड होते हुए निकलेगी। घड़ी चौक की ओर से आने वाली छोटे ▶▶ शेष पेज 10 पर

मारपीट करने वाले तीन आरोपी किए गए गिरफ्तार

दुधावा। सरोना निवासी विजय यादव के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों कैलाश सोरी पिता रामासोरी निवासी सरोना, प्रशांत कचलाम पिता मोतीराम निवासी कुरूष्टीकुर और चनार निवासी विदेश कवाड़े पिता कंवल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सरोना निवासी 52 वर्षीय विजय यादव पिता सुखराम यादव ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया था कि 7 मई को ग्राम सरोना के पतिराम मंडावी के घर शादी कार्यक्रम में मिठाई एवं मिक्चर बनाने का आर्डर लिया था, जिसमें कैलाश शोरी मेरे साथ सहयोगी के रूप में काम कर रहा था। मिठाई बनाने के समय कैलाश शोरी को मेरे द्वारा बोला गया कि काम में ध्यान नहीं देते हो। इतना कहने पर वह मेरे साथ विवाद करने लगा। काम खत्म करके रात करीबन साढ़े 10 बजे अपने घर वापिस जा रहा था,तभी शिशु मंदिर के पास ▶▶ शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग कायम

सरोना। कांकेर थानांतर्गत ग्राम सरोना भर्रीपारा निवासी 38 वर्षीय राजेश्वर मरकाम ने 12 मई की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। दुधावा चौकी पुलिस को कमलेश मरकाम ने बताया कि मृतक के माता-पिता का मौत हो जाने के बाद वह अकेला रहता था और शादी नहीं हुई थी। मजदूरी करके जीवनयापन करता और शराब पीते रहता था, जिसके बाद उसकी मानसिक स्थिति असंतुलित हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

पत्नी की मौत से परेशान युवक ने लगा ली फांसी

बासनवाही। विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम बंगाबारी में आए मेहमान ने 12 मई कि रात को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बंगाबारी निवासी संगनी बाई के घर बोरई थानांतर्गत ग्राम नवागांव कसपुर निवासी 39 वर्षीय राजकुमार नेताम ने बंगाबारी में नीम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक अपनी पत्नी की मौत उपरांत मानसिक के रूप बहुत परेशान रहता था। झितरु राम नेताम की रिपोर्ट पर चौकी दुधावा में मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

आयोजन : पीढ़ापाल के सुशासन शिविर में विधायक आशाराम ने कहा

गांव व शहरों के समेकित विकास के लिए विष्णु सरकार का प्रयास जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण में ग्रामों में समाधान शिविर का आयोजन कर

- ग्रामीणों के आवेदनों के निराकरण की दी जानकारी

ग्रामीणों के आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी विभागीय अधिकारियों के द्वारा दी जा रही है। इसी क्रम में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन 13 मई को कांकेर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पीढ़ापाल में किया गया, जहां पर ग्रामीणों ने अपने आवेदन के निराकरण की जानकारी लिया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गांव, गरीब, किसान के विकास के लिए कृतसंकल्पित है और इसे ध्यान में रखते हुए सुशासन तिहार चलाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गांवों व शहरों का चौतरफा और समेकित विकास हो, इसी सोच के साथ साय सरकार विभिन्न योजनाओं के जरिए प्रदेश को अग्रसर कर रही है। विधायक ने ग्रामीणों को शासन के योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग करने की भी बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी और मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने भी सुशासन तिहार के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने की अपील ग्रामीणों से किया। शिविर में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जिले में कुल 39 समाधान शिविर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की ऑनलाइन मॉनिटरिंग शासन स्तर पर की जा रहीं है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस, मोबाइल टावर, आवास, पेयजल जैसी विभिन्न मांगें ग्रामीणों की ओर से प्राप्त हुई है। यह भी बताया कि मोबाइल टावर के लिए कुल 85 प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। कलेक्टर ने योजनाओं का लाभ उठाने ग्रामीणों को आगे आने की बात कहीं।

हितग्राहियों को सामग्री का वितरण

आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीणों को लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान परदेशीराम साहू, हेमबती सहित 04 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 05 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, 02 किसानों को किसान किताब, 04 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 03 को शौचालय स्वीकृति पत्र तथा 02 हितग्राहियों को नए आवास की चाबी मंचस्थ अतिथियों के द्वारा सौंपी गई। इसके अलावा ग्राम के 03 गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया और 03 शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही अक्तूराम के घर जाकर विधायक एवं कलेक्टर ने नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपी।

ये रहे उपस्थित

शिविर में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े एवं सदस्यगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कराया गया सामूहिक गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रदेश के साथ दुर्गूकोंदल में 13 मई को सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने बताया कि विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत 44 ग्राम पंचायतों में लगभग 4400 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति मिली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपस्थिति में बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तीन लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास का सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया था। वही विकासखंड दुर्गूकोंदल में 13 मई को 44 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 86 आवासों का सामूहिक रूप से प्रवेश कराया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पटेल, वार्ड पंच, रोजगार सहायक, आवास मित्र, एवं ग्राम पंचायत के सचिव के उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश कराया गया प्रधानमंत्री आवास गृह प्रवेश के दौरान हितग्राही काफी खुश नजर आए।

हिमांशु ने राज्य स्तरीय कराटे स्पर्धा में जीता रजत

जगदलपुर। 9वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई में हिमांशु साहू ने रजत पदक जीत कर बस्तर का मान बढ़ाया। 9 से 11 मई तक राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन एवं जिला कराते संघ दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। सेंसेई सरजीत सिंह बख्शी के मार्गदर्शन में कोच अरुण नाग के नेतृत्व में हिमांशु साहू ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लिया। हिमांशु साहू के इस उपलब्धि पर पर उनके पिता परमानन्द साहू माता पिलेश्वरी साहू, सहित क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के अध्यक्ष गणेश राम साहू, लाल बहादुर साहू समेत अन्य ने सराहना की। मोहन साहू, डी एन साहू, बुधे लाल साहू, नीलमणी साहू, जोहित साहू, गोपी साहू, उर्मिला साहू, लक्ष्मी साहू, केशर बाई साहू, भुनेश्वर साहू, मलखन राम, जोहन राम, शंकर साहू, संतोष साहू, उत्तम साहू, शिव साहू आदि ने सराहना की है।

जनशिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार अभियान के अंतर्गत कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय सीमा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनहित के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों और हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त होने वाली जनशिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। वहीं कलेक्टर ने जिले के कन्या आश्रमों की स्थिति की जानकारी ली और उनकी अवस्थिति में सुधार करने तथा बाउंड्री वॉल निर्माण कराने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। मिश्रा ने आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले सभी स्कूलों, छात्रावासों एवं पोटा केबिनों की जांच कर उनकी आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने मानसून के पूर्व सभी अपूर्ण पुल-पुलिया एवं सड़कों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नारी शक्ति गौरव सम्मान समारोह महिलाओं का किया गया सम्मान

भानुप्रतापपुर। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन शाखा भानुप्रतापपुर द्वारा यादव समाजिक भवन में नारी शक्ति गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह समारोह महिलाओं के योगदान को मान्यता देने और उन्हें प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। यह सम्मान उन महिलाओं को समर्पित है, जिन्होने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। समारोह में महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, प्रशासन एवं कानून जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का दो दिनों में करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 13 मई

- समय-सीमा की बैठक लेकर कलेक्टर ने निराकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश

की सुबह समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण आगामी दो दिनों के भीतर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए भी अधिकारियां को निर्देशित किया। जिन विभागों में सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं जो पेयजल, हैंडपंप सुधार, आवास, राशन आदि से संबंधित हैं, ऐसे विभाग जल्द से जल्द आवेदनों को निराकृत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है और सभी अधिकारी इसके तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करें। इसके अलावा यदि किसी प्रकार की मांग का निराकरण शासन स्तर पर होना है तो इसके लिए आवेदनों को तत्काल संबंधित उच्च कार्यालय को अग्रेषित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक की हुई प्रगति की समीक्षा की तथा इसमें तेजी लाने के निर्देश जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री हरेश मण्डावी को दिए। इसी तरह सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण के पेंडिंग प्रकरणों को शीघ्रता से प्रारम्भ करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा वयोवृद्ध जनों का पंजीयन करने और सिकलसेल की स्क्रीनिंग बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। दिव्यांगों को शासन की योजना का लाभ दिलाने निःशक्तता प्रमाण पत्र फौरी तौर पर जारी के के लिए भी कलेक्टर ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में खाद-बीज की उपलब्धता में वृद्धि हुई है और किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध हैं।

आवेदनों की समीक्षा की

इसके अतिरिक्त बैठक में कलेक्टर राजस्व, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, वन, नगरीय निकायों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण सहित विभिन्न विभागों में लम्बित आवेदनों की समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

पेज 09 के शेष...

मुसुरपुट्टा से बैलगाड़ी...

हुए सराहनीय कदम उठाया है। बासनवाही क्षेत्र में बढ़ती महंगाई के बीच बैल गाड़ियों में बराती जाने का प्रचलन बढ़ रहा है। लोग पुरानी संस्कृति की ओर लौटने लगे है, आधुनिकता से किनारा कर एक बार फिर पुरानी संस्कृति को अपना रहे है।

कच्चे में बोरगाड़ी...

धर्मेन्द्र कोला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक कच्चे चौकी अंतर्गत भैंसमुंडी का निवासी है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर मृतक के परिजन भी पहुँच गई और घटनास्थल पर माहौल गमगीन हो गया था। इस मार्ग पर भारी वाहनों की संख्या और गति दोनो बढ़ गई है। बोर वाहन का चालक बहुत ही तेज गति से वाहन को चला रहा था। अचानक पिकअप को देखकर ट्रक की गति को नियंत्रण करने के चक्कर में बोरगाड़ी अनियंत्रित हो गई और यह हादसा हो गया।

शहर के मुख्य...

हुए सराहनीय कदम उठाया है। बासनवाही क्षेत्र में बढ़ती महंगाई के बीच बैल गाड़ियों में बराती जाने का प्रचलन बढ़ रहा है। लोग पुरानी संस्कृति की ओर लौटने लगे है, आधुनिकता से किनारा कर एक बार फिर पुरानी संस्कृति को अपना रहे है।

मारपीट करने वाले तीन...

आरोपी कैलाश शोरी और उनके दो अन्य साथी रोककर मुझे गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी दिया, जिससे वह डर गया। तीनों मिलकर मेरे साथ हाथ मुक्का व लात से मारपीट किए। दुधावा पुलिस ने सबसे पहले कैलाश शोरी को अपने कब्जे में लिया और उससे अन्य दो साथियों की जानकारी लिया। कैलाश शोरी के अलावा मारपीट में प्रशांत कचलाम और विदेश कवाड़े भी शामिल थे। दुधावा पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

हाटकोंदल में चलाया जा रहा जल संरक्षण महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत हाटकोंदल में जल संरक्षण महाअभियान चलाया जा रहा है। जल संरक्षण में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिए सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेन्टस, स्कूल, अस्पताल आदि सभी को उचित जल प्रबंधन को बढ़ावा देना चाहिए। पानी की कमी और साधारण पानी की कमी से होने वाली समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करना चाहिए।

धरती पर पीने लायक पानी की सुरक्षा और कमी की समस्या है। पीने का पानी बहुत ही कम मात्रा में उपलब्ध है। जल संरक्षण लोगों की आदतों से संभव हो सकता है। स्वच्छ जल बहुत से तरीकों से भारत और पूरी दुनिया के लोगों के जीवन को बहुत अधिक प्रभावित कर रहा है। स्वच्छ जल की कमी एक बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। ग्राम पंचायत हाटकोंदल के सरपंच हरिषा मंडावी ने बताया कि जीवन को धरती पर संतुलित करने के लिए विभिन्न माध्यमों के द्वारा जल संरक्षण ही जल बचना होता है। पृथ्वी पर सुरक्षित और पीने के पानी की कमी की वजह से जल संरक्षण और जल बचाओ अभियान बहुत जरूरी हो चुका है। औद्योगिक कचरे के कारण रोज पानी के बड़े-बड़े स्त्रोत दूषित हो रहे हैं। इस दौरान सचिव सतिमा उईके, नरेश, बहुर सिंह यादव, इंद्रजीत, यशोदा शुकरो, मेगा वाटर शेड के सदस्य, स्वच्छतागृही, समूह के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

विधायक ने मेधावी छात्र धीमन को दी शुभकामनाएं

भानुप्रतापपुर। 10 वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर छठवां स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र धीमन बर्मन को भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने गुलदस्ता भेंट कर उसके उज्जवल भविष्य का कामना किया। विधायक उनके निवास पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया और कहा कि तुम्हारी यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह सफलता तुम्हारे कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है। मैं तुम्हारे उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ और आशा करती हूँ कि तुम आगे भी इसी तरह सफलता की ऊँचाइयों को छूते रहो।

अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा: सांसद

भानबेड़ा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन, 51 मांग और 3 शिकायतों का तत्काल हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम भानबेड़ा में सुशासन तिहार अंतर्गत 13 मई को ग्राम भानबेड़ा हाई में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहें। शिविर में 187 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 51 मांग और 3 शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया। शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग निर्माण, नरेगा, आवास, खाद्य विभाग, पशु पालन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग सेतु, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, क्रेडा विभाग, कृषि विभाग राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता विभाग, विद्युत विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग से संबंधित शिकायत और मांग का ग्रामवासियों द्वारा आवेदन मिला था। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे है। मुख्यमंत्री सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे किया गया, ताकि एक भी पात्र हितग्राही सर्वे सूची में नहीं छूटे और सभी को पक्का आवास मिले। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, जनधन बैंक खाता, महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि सोच के चलते छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। समाधान शिविर में आवेदन कर्ताओं को पत्ता भी वितरित किया गया साथ ही किसानों को बीज का वितरण किया गया। सांसद के द्वारा नल जल योजना से संबंधित समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था करने की निर्देश दिए। 8 से 11 तारीख तक 1405 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे से 1401 आवेदनो का निराकरण किया जा चुका हैं। भानबेड़ा समाधान शिविर में शिकायतकर्ता राजेंद्र जैन ने बताया कि मेरे द्वारा भानबेड़ा में स्वीकृत मंगल भवन के निर्माण संबंधी जांच का आवेदन दिया गया है। भानबेड़ा में महिला मंडल के भवन को तोड़कर मंगल भवन का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन विगत 3 वर्षों से महिला मण्डल के भवन को तोड़ने के बाद सिर्फ गड्ढा खोदकर रख दिया गया है, जिसकी शिकायत और सूचना अधिकार के अंतर्गत मेरे द्वारा सी ओ जनपद भानुप्रतापपुर को आवेदन दिया गया था,परंतु अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। समस्त ग्रामवासियो के नाम से एक शिकायत वक्फ बोर्ड की जमीन बताकर जमीन कब्जाने को लेकर दिया गया। ग्रामवासियो ने जानकारी दी की ग्राम भानबेड़ा में कासिम खान नामक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि में कब्जा किया है और इस भूमि से लगे हुए उप स्वास्थ्य केंद्र में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत होती है तो कासिम खान के द्वारा उसमें अड़ंगा लगाया जाता है। कासिम खान के द्वारा जगह-जगह चबूतरा और परिसर बनाकर आसपास की भूमि में कब्जा किया जा रहा है। साथ ही उस जमीन को वक्फ बोर्ड का जमीन बताया जाता है। उक्त जमीन से कब्जा हटाने सांसद से आग्रह भी किया गया।

समाधान शिविर में भानुप्रतापपुर एसडीएम गंगाधर वाहिले, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, जनपद उपाध्यक्ष निर्मला कावड़े, जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, भानबेड़ा सरपंच ममता ठाकुर, जितेंद्र पाण्डेय, नरेश जायसवाल एवं सभी शासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

धनियालूर व आड़ावाल के मंड़ई में शामिल हुए विधायक एवं सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र के नानगुर मंडल के ग्राम धनियालूर एवं आड़ावाल में वार्षिक (मेला) मंडई का आयोजन मे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव व सांसद महेश कश्यप शामिल हुए उन्होने माता जलनी व गंगादई मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। धनियालूर व आड़ावाल के ग्रामवासियों ने पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया। किरण देव ने कहा कि धनियालूर व आड़ावाल मे माता मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं।मेला में आयें सभी क्षेत्र की जनमानस को शुभकामनाएं। बस्तर में आयोजित मेला, मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति, परम्परा का समावेश होता है। मेला में विधाशरण तिवारी, मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, जनपद सदस्य श्रीती शर्मा, सरपंच जयंती कश्यप, मनोहर तिवारी, राजेश शर्मा, राधे पर्न्दे व माता पुजारी, गणेश नागवंशी व जनमानस उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर

दंतेवाड़ा। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अतंर्गत प्रारंभ, अप्रारंभ एवं कार्यशील निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीएचई के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता सहित समय-सीमा में पूर्ण कराना, निर्माण एजेंसियों एवं अभियंताओं की संयुक्त जवाबदेही है। अतः निर्माण एजेंसियां प्राथमिकता के साथ निर्माण कार्यों को पूर्ण करे। इस संबंध में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर विभागीय समन्वय के साथ इस हल करें। शासन की नल-जल योजनाएं पूरे ग्रामीण समूदाय की मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत है और बचे डेढ़ माह के कार्यशिल अवधि को देखते हुए। इस में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। निर्माण एजेंसियों के लंबित भुगतान के संबंध में भी प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

खुशी कर्मा को मिला नवीन राशन कार्ड

सुकमा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद सुकमा निवासी खुशी कर्मा को बड़ी राहत मिली है। सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्होंने नवीन राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया था। नगरपालिका सुकमा के सीएमओ पीआर कोर्राम ने उनके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल नवीन राशन कार्ड जारी किया। पटनम पारा में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब उन्हें निःशुल्क राशन सुविधा का लाभ मिलेगा।

रजिस्ट्री प्रक्रिया का सरलीकरण व सुगम एप किया लांच

सुकमा। रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल और आसान बनाने के लिए सुगम ऐप लॉन्च किया गया, जिसके माध्यम से जमीन का अक्षांश देशांतर की स्थिति और भूमि की वास्तविक अवस्थिति दर्ज हो जाती है। रजिस्ट्री अधिनिमय 1908 का बनाया गया था। राज्य शासन ने रजिस्ट्री नियम का व्यापक अध्ययन कर इसके प्रावधानों को वर्तमान के जरूरतों के अनुरूप अनूकूलन बनाया। रजिस्ट्री प्रक्रिया में टेक्नॉलाजी का अधिक से अधिक समावेश करते हुए और मानवीय हस्तक्षेप को सीमित करते हुए ये 10 नये क्रांतियुक्त नवाचार विकसित किये गये हैं।

97.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रावीण्य सूची में स्थान

रामशिला का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बोर्ड परीक्षा में जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रामशिला ने कक्ष दसवी में 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे प्रदेश में प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया है।

वर्तमान में वह छू लो आसमान आवासीय योजना के अंतर्गत रहकर

■ कलेक्टर ने प्रोत्साहन स्वरूप दिया लैपटॉप

अध्ययन कर रही है और भविष्य में आईआईटी मद्रास से इंजीनियरिंग करने की इच्छा रखती है। उसकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत उसे प्रोत्साहन स्वरूप एक लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रामशिला की यह सफलता दंतेवाड़ा जिले के समग्र प्रयासों का भी परिणाम है। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में जिले ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं में 94.45ः परिणाम के साथ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12वीं में भी जिले ने 85.66 प्रतिशत परिणाम के साथ 11वें स्थान से छलांग लगाते हुए छठवां स्थान प्राप्त किया।

इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे कई ठोस और योजनाबद्ध पहल रहीं। अगस्त माह से शुरू होकर पूरे वर्ष भर चली मासिक टेस्ट श्रृंखला में इकाई-वार, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक, प्री-बोर्ड और बोर्ड स्तर की परीक्षाएं आयोजित की गईं। इन परीक्षाओं के प्रश्नपत्र पीएलसी (पीयर लर्निंग सर्कल) के माध्यम से तैयार किए गए, जिससे उनकी गुणवत्ता और समानता सुनिश्चित हुई। सभी स्कूलों में एक साथ परीक्षा आयोजित की गई और उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन छात्रों के अपने स्कूलों के बाहर करवाया गया, जिससे निष्पक्षता बनी रही।

छात्रों के प्रदर्शन पर सालभर सतत निगरानी रखी गई। कमजोर छात्रों के लिए रेमेडियल कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई, वहीं मेधावी छात्रों को राज्य की टॉप-10 सूची में स्थान दिलाने हेतु दो दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें उत्तर लेखन की तकनीक, चरणबद्ध मूल्यांकन और मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा दिसंबर तक संपूर्ण पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया गया, जिससे जनवरी से मार्च तक प्रभावी पुनरावृत्ति संभव हो सकी। इस अवधि में उत्तर सहित प्रश्न बैंक भी छात्रों को अभ्यास हेतु वितरित किया गया।

इन सभी प्रयासों का परिणाम यह रहा कि दंतेवाड़ा जिले ने न केवल प्रदेश में अपनी स्थिति को ऊँचा किया, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और शैक्षणिक क्षमताओं में भी जबरदस्त वृद्धि की। अब शिक्षा में बदलाव स्वरूप रामशिला जैसी छात्राएं अब जिले की पहचान बन रही हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बष्ट, डीएमसी हरीश गौतम मौजूद थे।

शिविर में 771 आवेदनों का हुआ निराकरण

दंतेवाड़ा। सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत फरसपाल में किया गया। फरसपाल के साथ-साथ आलनार, कुंडेनार एवं मुंडेर इन 4 ग्राम पंचायतों के आवेदन भी निराकृत किये गए। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी द्वारा राशन कार्ड वितरण के अंतर्गत 5 हितग्राही रयमती, मनीराम कर्मा, फरसपाल, सुखदई, सुदूराम, फरसपाल, पोडिया, दसरू, फरसपाल सन्नी, नींबू राम कर्मा ,फरसपाल तुलसी, जगमोहन, मसौढी तथा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण के तहत 2 हितग्राही हुरदप ठाकुर, फरसपाल,मसराम लखमू , कुंडेनार, श्रम कार्ड वितरण के तहत 2 हितग्राही शमिला कर्मा, हेमा कर्मा लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा भी निरीक्षण करने के साथ-साथ दिशा निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में कुल प्राप्त आवेदन 771 में से सभी का शत प्रतिशत निराकरण किया गया। शिविर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। यहां जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, जनपद सदस्य पवन कर्मा , सभी चारों ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

कक्षा 12वीं का परीक्षा फल रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा फल 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड में कुल 72 छात्र-छात्राएं शामिलहुए, जिसमें 72 छात्र-छात्राएं पास हुए। 64 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में एवं 8 छात्र ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

विज्ञान संकाय में छात्र बलराम गौड़ा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। श्रुति देवनाथ ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही एवं रवीना नेताम 87.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह वाणिज्य संकाय में स्नेहा सिंह ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, नाज परवीन ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं वीणा लोखंडे 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह कला संकाय में ओंकार ठाकुर ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अविशी खापर्डे एवं सेरेना निषाद ने 78.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं विजय कुमार कोरी ने 74.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा दसवीं में परीक्षा फल उत्तम रहा कुल 56 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें परीक्षाफल 82.14 प्रतिशत रहा कक्षा दसवीं में गौरव देवनाथ ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अदिति सिंह राठौड़ 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं गौरव साहू 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय के प्राचार्य पीएल वर्मा ने छात्र-छात्राओं के इस सफलता पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

आयुष्मान कार्ड निर्माण में अपेक्षा अनुरूप प्रगति लाएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर दुदावत ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के कार्ड निर्माण में हो रही धीमी प्रगति में तेजी लाने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाना सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंदों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह योजना आमजन के लिए जीवन रक्षक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके साथ ही वृक्षारोपण महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग को अभी से कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से एक पौधा मां के नाम अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने के निर्देश दिए।

नर्सों का पुष्प गुच्छ, पेन भेंट कर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के शुभ अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के तत्वावधान एवं यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में परियोजना अस्पताल किरंदुल में कार्यरत समस्त नर्स भाई, बहन को मिठाई खिला कर हर वर्ष की भांति पुष्प गुच्छ, पेन भेंट कर परियोजना अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार लाल की मुख्य आतिथ्य तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीषा लाल, डॉ. अंजू शाह एवं परियोजना अस्पताल के चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति में सम्मान किया गया। इस अवसर पर इंटक यूनियन की ओर से यूनियन के पदाधिकारी, सदस्य जियाउल हसन, ओंम कुमार साहू, राकेश लाल, देव नारायण, सौरभ पात्रे, बृजेश मिश्रा, संतोष सरोज, रोमियो मसीह, मनोज कोडप्पी, हिरालाल पटेल, सौरभ राज सिंह, जय प्रकाश गुप्ता, पोषण साहू, अनेकों सदस्यों की विशेष सहयोग एवं उपस्थिति मिली। कार्यक्रम का मंचीय उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने उक्त आयोजित कार्यक्रम के लिए आयोजक पदाधिकारियों एवं इंटक यूनियन की प्रशंसा किए।

खोरखोसा में प्रतिदिन हो रही रोचक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

वर्तमान में चल रहे समर कैंप का जिक्र करें तो संकुल खोरखोसा में रोज रोचक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे बढ़-चढ़ के हिस्सा ले रहे हैं। वहीं समुदाय व पालकों का भी कार्यक्रम के प्रति सकारात्मक प्रभाव दिखाई पड़ रहा है।

हर दिन की गतिविधि को बच्चों के साथ मिलकर संकुल के सभी शिक्षक साथी बच्चों को नया कहानी बुनना, गणित की गतिविधि एवं आज कबाड़ से जुगाड़ की गतिविधि दैनिक गतिविधि के आधार पर किया जा रहा है। 13 मई की गतिविधि में बच्चों ने क्राफ्ट पेपर से कलाकारी, मिट्टी से खिलौने, चित्रकारी, कविता गायन, कबाड़ की सामग्री से उपयोगी सजावटी बनाकर दिखाया। जिसको देखने पालक शाला तक पहुंचे एवं अपने बच्चों के कला को जाना एवं बच्चों से संवाद करते हुए कबाड़ से जुगाड़ का उद्देश्य, इसकी क्या उपयोगिता है, क्या लाभ होगा। इस तरह के सवाल कर रहे थे एवं बच्चे भी सहज और खुशी के साथ किए गए अपने कार्यों को रुचि को साझा कर रहे थे।

इस कार्यक्रम का सफल तत्वधान बस्तर ब्लॉक के बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील तिवारी एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक अजम्बर कोर्राम द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आयतू कश्यप, छबिलाल नेताम, मालती बघेल, कामेश्वरी कश्यप, योगिता सिंन्हा, रूपधर नेताम, छबीला तारम, संगीता मौर्य, समुदाय, पालक एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउण्डेशन से ब्लॉक अकादमिक समन्वयक हेमंत बघेल उपस्थित रहे।

स्काउट्स एवं गाइडस को मिला जल सेवा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

भारत स्काउट्स एवं गाइडस छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला आयुक्त स्काउट्स बीआर बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार 9 अप्रैल से 9 मई तक भारत स्काउट्स एवं गाइडस जिला संघ बस्तर एवं वरम फाइनेंशियल जगदलपुर के संयुक्त प्रयास से संचालित प्याऊ घर स्वामी विवेकानंद विद्यालय जगदलपुर नवीन ठाकुर के देखरेख में, सुधा परमार एवं मीरा हिरवानी के सहयोग से चले गीदम रोड यात्री प्रतीक्षालय जगदलपुर का प्याऊ घर, विखं बकावंड अंतर्गत बीजागुड़ा में निशा साहू और स्थानीय लोगों के सहयोग से, दरभा में जुलेखा शाह और स्थानीय लोगों के सहयोग से, लोहण्डीगुडा में राहुल ठाकुर, हेमराव खापरडे के सहयोग से, किलेपाल में निलेश टोप्पो एवं स्थानीय तथा तोकापाल में कृष्णा मौर्य के सहयोग से चलाये जा रहे प्याऊ घरों के संचालन उपरांत सभी जल सेवकों का सम्मान 10 मई को शामलब कन्या क्र. 2 में जिला स्तर पर किया गया। जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डेय महापौर नपानि जगदलपुर, खेम सिंह देवांगन सभापति नपानि जगदलपुर, टी. महेश संचालक वरम फाइनेंसियल, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा एवं सुरेश गुप्ता, सुधा परमार जिला आयुक्त गाइड, अखिलेश मिश्रा डीएमसी बस्तर, राकेश खापरडे सहायक संचालक जिला शिक्षा कार्यालय, पार्षद आशा साहू, खगेंद्र ठाकुर एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रकाश झा के करकमलों से प्रदान किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा पूजन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत स्काउटर एवं गाइडर द्वारा स्कार्फ लगाकर एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया।

कार्यक्रम प्रतिवेदन दसरु राम यादव डीओसी द्वारा प्रस्तुत किया गया। गाइड आयुक्त द्वारा आज के समय में इस सेवा कार्य का उद्देश्य छात्रों में दूसरे के प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत करने कहा। टी महेश द्वारा प्याऊ घर का निर्माण एवं सम्मान पत्र सह पारितोषिक प्रदान करने के लिए उन्हें चुनने पर जिला संघ का धन्यवाद दिया गया। सुरेश गुप्ता द्वारा सेवा कार्य को अनुकरणीय बताया, अखिलेश मिश्रा द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नैतिक शिक्षा अंतर्गत सेवा कार्य कहा गया। जिला सचिव लिलेश देवांगन द्वारा मुख्य अतिथि को छात्रों के पास स्काउट्स एवं गाइडस ड्रेस नहीं होने की जानकारी दी गई, जिस पर उन्होंने लगभग 20 ड्रेस की व्यवस्था कराने की बात कही है।

मुख्य अतिथि संजय पाण्डे ने उद्बोधन में कहा कि स्काउटिंग हमें सेवा करते हुए, अनुशासन से रहने व्यवहार करने तथा एक आदर्श नागरिक बनने प्रेरित करता है। इतनी गर्मी में स्वयं रहकर लोगों को पानी पिलाया साथ ही उसी प्याऊ घर से शरबत भी बाटकर लोगों को दूसरों की सहायता करने की प्रेरणा दी है। हम छात्रों को एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों का सम्मान करते हैं। अंत में सभी विकाखंडों से आए हुए 68 छात्रों एवं 7 शिक्षकों को प्रमाण पत्र और जलसेवा सम्मान ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ट्राफी और प्रमाण पत्र की व्यवस्था वरम फाइनेंसियल जगदलपुर के टी. महेश द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार जिला सचिव लिलेश देवांगन द्वारा किया गया। मौजूद रहे यास्मीन नेताम, दीप्ती, रुमा, किरण, ज्योति तिग्गा, नवीन ठाकुर, खगपति एवं स्काउट्स और गाइड उपस्थित रहे।

459 मांगों का मौके पर हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम सुरनार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें धनीकरका, दुवालीकरका, सुरनार,

■ सुरनार में हुए समाधान शिविर में ग्रामीणों की बढ़-चढ़कर सहभागिता

बड़ेलखापाल और गाटम सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कटेकल्याण के अध्यक्ष हिड़मा कवासी, उपाध्यक्ष भीमसेन मंडावी, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंचगण सहित जनपद पंचायत कटेकल्याण के सीईओ आशीष डे, तहसीलदार आशा मौर्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न 22 विभागों से कुल 461 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 459 आवेदन मांग संबंधित एवं 2 शिकायत से जुड़े हुए थे। अधिकारियों द्वारा सभी आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया, जिससे ग्रामीणों में प्रसन्नता का माहौल देखा गया। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 4 शिशुवती माताओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया, जबकि 2 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म सम्पन्न हुई। शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग के सहयोग से लगभग 15 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही पहचान दंतेवाड़ा कार्यक्रम के तहत 5 छोटे बच्चों को भी जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए।

ग्राम पंचायत सुरनार में शिविर में ग्रामीणों की भारी संख्या में उपस्थिति उनकी सक्रिय सहभागिता प्रतीक रहा जहां उन्होंने अपने समस्याओं के समाधान की जानकारी प्राप्त की। शिविर में आधार पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस जैसी नागरिक सेवाओं का लाभ भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उठाया। यह समाधान शिविर शासन की लोक-सेवा को गांव-गांव तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण बना, जिसमें ग्रामीणों की भागीदारी ने इसे सफल और प्रभावी बनाया।

पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान

दंतेवाड़ा। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों को अप्रैल माह तक की पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से कर दिया गया है। सभी लाभार्थियों को यह सूचना दी जाती है कि यदि पेंशन भुगतान से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो वे अपने संबंधित जनपद पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर पंचायत की पेंशन शाखा से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा की पेंशन शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

अवैध गिट्टी परिवहन कर रहे टिप्पर को तहसीलदार ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा तहसीलदार राहुल गुप्ता ने चिंगपाल चौक में गिट्टी चुना पत्थर अवैध परिवहन करते टिपर वाहन क्रमांक सीजी 17 केआर 2775 को पकड़ कर कामानार पुलिस चौकी की अभिरक्षा में रखा है।

कड़मा चुना पत्थर खदान से आये दिन हो रहें अवैध गिट्टी से भरी वाहनों की सूचना मिलने पर दरभा मार्ग से बिना दस्तावेज अवैध परिवहन कर रही टिपर वाहन को दरभा तहसीलदार राहुल गुप्ता को चिंगपाल चौक में कार्रवाई कर वाहनों की जांच की। इस दौरान परिवहन की जा रही टिपर वाहन में गिट्टी से संबंधित दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्होंने वाहन समेत गिट्टी जब्त कर कामानार पुलिस चौकी में खड़ा करवाया है। बिना पिट पास के गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे एक टिप्पर को दरभा थाना क्षेत्र के कामानार पुलिस चौकी अंतर्गत तहसीलदार राहुल गुप्ता ने पकड़ा है।

उन्होंने एक टिप्पर को कामानार चौकी परिसर में रखवाया है। तहसीलदार ने बताया कि इस वाहन को उस समय पकड़ा गया जब ये गिट्टी लेकर दरभा की ओर जा रहीं थी। उन्होंने बताया कि बस्तर कलेक्टर के दिशा निर्देश पर कार्यवाही हो रही है और आगे भी अवैध चुना पत्थर परिवहन कर रहें वाहनों पर कार्यवाही होती रहेंगी।

खबर संक्षेप

हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास में किया गृह प्रवेश

कांकेर। विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में कलीबाई बारला,रामदास उइके, बत्ती बाई उइके,गीता बाई सोनी,सुलोचना बाई जैन को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ था। आवास स्वीकृत होने के उपरांत हितग्राहियों ने आवास को बनवाया। गृह प्रवेश के अवसर पर सरपंच विनोद रावटे, उपसरपंच जितेंद्र साहू, पंचगण, दयाराम सलाम,कुमारी भंडारी और सचिव मुन्ना यदु के आतिथ्यि में हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। हितग्राहियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण हम लोगों को पक्का आवास मिल सका।

धान मंडी के पास शराब पीते पकड़ा गया युवक

कांकेर। गोण्डाहुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान हांकेर धान मंडी के पास रोड किनारे में शराब पी रहा था, जिससे आने जाने वाले लोगो को परेशानी हो रही है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत इलाके की घेराबंदी की गई। मौके पर एक व्यक्ति हाथ भट्टी से बना महुआ देशी शराब सेवन करते पाया गया। आरोपी कापसी निवासी 27 वर्षीरू रोहित सरकार पिता हिरा लाल सरकार ने पुलिस को आता देख शराब और डिस्पोजल का फेंक दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

फांसी लगाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

कांकेर। चौकी दुधावा अंतर्गत मांडाभर्री निवासी 45 वर्षीय केसर नेताम ने अज्ञात कारणों के चलते 19 मार्च को खेत की ओर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मांडाभर्री निवासी 43 वर्षीय सुखराम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने बबूल झाड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

जिले के पांच खिलाड़ियों का हुआ क्रिकेट की राज्य टीम में चयन

चारामा। साईं नेशनल क्रिकेट लीग चयन प्रतियोगिता में जिले ने गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल किया है। राज्यभर के विभिन्न जिलों में हुए ट्रायल्स के पश्चात छत्तीसगढ़ से 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिनमें से कांकेर जिले के 5 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बलबूते जगह बनाई है। चयनित खिलाड़ियों में अभिषेक कोर्राम, गुलशन रंगारी, सत्यजीत रॉय, शशांक नेताम और अजय नेताम ने मैदान पर अपने कौशल और अनुशासन से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा और जिले का नाम रोशन किया।

सफलता का फंडा रोज पढ़ो : जिले में 12वीं में 288 विद्यार्थी हुए शामिल, इनमें 270 रहे उत्तीर्ण

सीबीएसई 10 वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित, जवाहर नवोदय और केंद्रीय विद्यालय ने दबदबा रखा कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सीबीएसई के कक्षा 10वीं तथा 12वीं के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित हुए। परीक्षा परिणाम में जवाहर नवोदय विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय ने दबदबा कायम रखा। दोनों स्कूलों के परिणाम शत प्रतिशत रहे। कक्षा 10वीं व 12वीं के टाप थ्री में भी इन्हीं दोनों स्कूलों के बच्चों ने नाम दर्ज कराया। जिले में संचालित सीबीएसई के पांच स्कूलों में कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 288 छात्र सम्मलित हुए। इनमें 270 उत्तीर्ण रहे। कक्षा 10वीं की परीक्षा में 351 छात्र सम्मलित हुए जिसमें से 330 उत्तीर्ण रहे। जिले की पांच स्कूलों की बात करें तो नवोदय तथा केंद्रीय विद्यालय कांकेर के बच्चों ने इस साल भी दमदार प्रदर्शन किया।

- कक्षा 10वीं की परीक्षा में 351 छात्र सम्मलित हुए, जिसमें से 330 रहे उत्तीर्ण

फाइल फोटो

सीबीएसई में सफल विद्यार्थियों से बताया अपना लक्ष्य

12वीं में 94.80 प्रतिशत अंक पाने वाली छात्रा मेघा देवांगन ने कहा, वह डाक्टर बनना चाहती है। नीट परीक्षा की तैयारी कर रही है। पिछली सभी परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली छात्रा ने कहा उसे पढ़ाई में स्कूल के शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलता रहा। खास कर पिछले साल की परीक्षाओं में आए प्रश्नो को वह ज्यादा हल करती थी जिससे जिससे अच्छे नंबर आए। 12वीं में 94.40 प्रतिशत अंक पाने वाली हिमानी कड़यिाम ने कहा, वह कलेक्टर बनना चाहती है। स्कूल हास्टल में रोज 10 से 12 घंटे पढ़ाई होती थी। सफलता का फंडा है रोज पढ़ो। स्कूल की एनसीईआरटी की बुक्स में ही सबकुछ है उसे रोज पढ़ने से ही अच्छे नंबर आएंगे। बाहर पढ़ने की जरूरत नहीं है। 12वीं में 94 प्रतिशत अंक पाने वाली केंद्रीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक नेमसिंग साहू की पुत्री प्रीति साहू ने कहा लक्ष्य पिता की तरह शिक्षक बनना है। प्रीति ने साल 2023 में 10वीं में भी 96.8 अंक प्राप्त किया था। प्रीति ने बताया पढ़ाई के लिए कोई समय फिक्स नहीं है। जब भी पढ़ने बैठी मन लगाकर बैठी। कोई ट्यूशन लिया नहीं। शिक्षकों का पूरा सपोर्ट मिलता था। एनसीईआरटी की बुक्स तथा पहले की परीक्षाओं में आए प्रश्नों को हल करती थी। कोई डाऊट होता तो शिक्षकों से पूछकर क्लियर कर लेती। हाबी बुक रीडिंग व पेटिंग है।

जेईई की तैयारी अभी से कर रहे राणा हालदार

कक्षा 10वीं में 93.8 प्रतिशत पाने वाले राणा हालदार की शिक्षिका संगीता राम ने बताया छात्र पढ़ाई में काफी तेज है। वह पढ़ाई को पूरे अनुशासन से टाइम टू टाइम करता है। गणित की टीचर हूं। उसे शुरू से ही गणित जैसे विषय पर ही दिलचस्पी लेते देखी हूं। जिससे वह 11वीं में भी गणित लिया। छात्र इंजनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहता है जिससे वह जेईई की तैयारी अभी से कर रहा है। 10वीं में 93.6 प्रतिशत अंक पाने वाले वीर प्रताप सिंह पिता रमेश ठाकुर ने कहा, जब भी पढ़ाई किया गंभीरता से किया। स्कूल के समय भले ही घंटों पढ़ाई नहीं की लेकिन परीक्षा दौरान पढ़ाई को पूरा समय दिया। विशेष कर पहले परीक्षाओं में आए प्रश्नों के सैंपल प्रश्नपत्रों को हल किया करता था। यूट्यूब से भी कई सवालों के हल निकाले। डाक्टर बनना चाहता हूं। वर्तमान में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। 10वीं में 93.4 प्रतिशत अंक पाने वाली छात्रा खुशी हालदार का मानना है विशेष व कड़ी मेहनत से आसानी से सफलता पाई जा सकती है। स्कूल परीक्षा के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षा व शिक्षण प्रतियोगिताओं में कामयाबी पाई है। पहली पसंद इंजीनियरिंग कर गूगल या अमेजन जैसे इंटरनेशनल कंपनी में नौकरी करना है। क्योंकि इसमें पैसा के अलावा शोहरत भी है। साथ ही वे बच्चों को कम फीस में अच्छी कोचिंग देना चाहती है। अपने टिप्स देकर बच्चों को भी उनके लक्ष्य तक पहुंचनाने में मदद करें। खुशी के पिता कमल हालदार ने भी जवाहर नवोदय विद्यालय से ही पढ़ाई की हैं जो वर्तमान में पीवी 116 में शिक्षक हैं।

कक्षा 12वीं के नतीजे एक नजर में

स्कूल	कुल छात्र	उत्तीर्ण	प्रतिशत
नवोदय विद्यालय	70	70	100
केंद्रीय विद्यालय	35	35	100
जेपी इंटरनेशनल	82	80	98
पैराडाईज स्कूल	25	22	88
सेंट माईकल	76	63	83

कक्षा 10वीं के नतीजे एक नजर में

स्कूल	कुल छात्र	उत्तीर्ण	प्रतिशत
नवोदय विद्यालय	78	78	100
केंद्रीय विद्यालय	32	32	100
जेपी इंटरनेशनल	99	98	98
पैराडाईज स्कूल	47	46	98
सेंट माईकल	95	76	80

परदेशीराम को मिला जॉब कार्ड, पीएम आवास सूची में जोड़ा गया नाम

कांकेर। ग्राम पंचायत भैराडीह के ग्राम सिलतरा निवासी परदेशी राम साहू को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राज्यभर में चलाए जा रहे सुशासन तिहार की जानकारी मिली, तो उन्होंने मनरेगा जॉब कार्ड के लिए आवेदन किया। उनकी यह पहल सफल रही और कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पीढ़ापाल में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन शिविर में विधायक आशाराम नेताम द्वारा उन्हें उनका मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया। मनरेगा कार्ड मिलने पर परदेशीराम को अब रोजगार की गारंटी के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत आधार मिला है। साथ ही वह इसलिए भी खुश हैं क्योकि आवास योजना की सर्वे सूची में उनका नाम पात्र लोगों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सुशासन तिहार जैसे कार्यक्रम गांव के आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर कांग्रेसी थाली बजाकर करेंगे प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

क्षेत्र के नदियों में पिछले कई दिनों से हो रहे रेत के अवैध उत्खनन को बंद करने के लिए कांग्रेस पार्टी व ग्रामीणों द्वारा लगातार रेत से भरे वाहनों को रोककर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इसके बाद भी न तो राजस्व विभाग और न तो खनिज विभाग कार्यवाही कर रही हैं। जिम्मेदार विभाग कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। कांग्रेस द्वारा रेत के अवैध उत्खनन पर नहीं हो रही कार्रवाई के विरोध में आज14 मई को एसडीएम कार्यालय का घेराव कर कुंभकर्णी नींद में सोए अधिकारियों को थाली बजाकर नींद से जगाएगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शोपसिह आंचला ने बताया कि 14 मई को मुख्य चौक में धरना प्रदर्शन एवं एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

दुर्गूकोंदल ब्लॉक के जाड़ेकुर्से, भेलवापानी, सटेली एवं चिहरो नदी से पिछले कई महीनो से अवैध रेत चैन माउंटेन द्वारा खनन कर बड़े शहरों में सप्लाई किया जा रहा है। इसके पूर्व में कई बार ग्रामीणों द्वारा रेत से भरे हाइवा वाहनों को रोककर प्रशासन को सुपुर्द और लिखित में शिकायत भी दिया गया है। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण भाजपा सरकार एवं प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोई हुई हैं, जिसे जगाने के लिए थाली बजाकर रेत चोरों को भगाने के लिए अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने कहा कि दुर्गूकोंदल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से खण्डी नदी गुजरी हुई हैं, जहां पर रेत का स्टोरेज हैं, वहां से रेत माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से पिछले कई महीनों से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिसके लिए हमारे कार्यकर्ता व ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उसके बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। इन रेत खदानों में भाजपा के कई बड़े नेताओं का हाथ हैं, जिस कारण अधिकारी भी कार्रवाई करने के लिए अपना हाथ पीछे खींच रहे हैं। ज्ञापन देने के दौरान जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, उपाध्यक्ष आंनद तेता, जितेंद्र नरेटी, दीनदयाल पटेल सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कन्या विद्यालय गोविंदपुर का बारहवीं दसवीं का परिणाम रहा शत प्रतिशत

कांकेर। कन्या आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर का दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन ने परिणाम पर खुशी जताई। जानकारी के अनुसार विद्यालय में दसवीं में 13 छात्रों ने परीक्षा दिलाई, जिसमें सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसके अलावा बारहवीं में 19 छात्रों ने परीक्षा दिलाया, इसमें 17 प्रथम श्रेणी व 2 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस परिणाम को लाने में प्राचार्य सहित शिक्षकों की अहम भूमिका रही। शिक्षिका काकोली देवनाथ ने कहा कि विद्यालय की सफलता के पीछे सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन क्लास को अहम योगदान रहा। इस क्लास से छात्राओं को मानसिक बल और आत्मविश्वास मिला। उन्हें सिखाया गया कि कैसे स्वंय को चार्ज कर स्वस्थ और बुद्धिमान बनना है। मेडिटेशन क्लास का शासकीय आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम सिंगारभाट में 2013 से प्रयोग किया जा रहा है। इसके चलते पिछले 12 वर्षों से यहां शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आ रहा है। यहां कमजोर छात्राएं भी द्वितीय श्रेणी में पास हो रहें हैं। इसको देखकर आसपास के जिले कोंडागांव और धमतरी से भी छात्राएं यहां दाखिला ले रही हैं।

कृषि संकल्प अभियान में वैज्ञानिक किसानों से गांव जाकर करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, आईसीएआर द्वारा देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कृषि वैज्ञानिक गांवो में जाकर किसानों से संवाद करेंगे।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान 700 से ज्यादा जिलों में 29 मई से प्रारंभ होकर 12 जून तक चलेगा। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक एवं मंत्रालय के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय कृषिकर्मियों के साथ टीम बनाकर प्रतिदिन अलग-अलग गांवों में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद करेंगे तथा उन्हें खेती-किसानी के संबंध में अपने स्तर पर और जागरूक करेंगेए विभिन्न सलाह देंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस संबंध में 13 मई को एक उच्चस्तरीय बैठक भी दिल्ली में आयोजित किया, जिसमें देशभर के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों, केवीके के साथ ही देशभर में फैले आईसीएआर के 100 से अधिक संस्थानों तथा कृषि विज्ञान से जुड़े अन्य संस्थानों के साथ ही केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी हाईब्रिड मोड में शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी तथा आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट भी उपस्थित रहें। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि इस रचनात्मक व महत्वाकांक्षी अभियान के पीछे मकसद यहीं है कि हमारी खेती उन्नत, विकसित हो और हमारे किसानों को इसका सीधा फायदा मिलें।

पूरे अभियान के दौरान उन्नत तकनीकों, नई किस्मों व सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के बीच जागरूकता का प्रसार किया जाएगा, साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना भी उद्देश्य है। अभियान में चार-चार वैज्ञानिकों की टीमें, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों में संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक व शिक्षित करेगी। केवीके, आईसीएआर के संस्थानों व इफको आदि द्वारा कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रदर्शन भी किया जाएगा एवं किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए आईसीटी का व्यापक उपयोग होगा। धान की सीधी बुवाई, फसल विविधीकरण, सोयाबीन की फसल में मशीनीकरण जैसी उन्नत तकनीकों का प्रसार भी केवीके के विशेषज्ञ करेंगे। टीमों में राज्य कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन विभागों, आत्मा के अधिकारी, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े पौध संरक्षण अधिकारियों के साथ प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, एफपीओ एफआईजी स्वयं सहायता समूहों के सदस्य भी शामिल होंगे।

तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत

कांकेर। हल्बा चौकी अंतर्गत पलेवा के तालाब में डूबने से सेलेगांव निवासी 25 वर्षीय प्रीतम उईके की मौत हो गई। पलेवा निवासी 50 वर्षीय देवप्रसाद उईके ने पुलिस को बताया कि मृतक तालाब में नहाने के लिए 11 मई को शाम साढ़े 6 बजे गया था। नहाने के दौरान मिर्गी आने से पानी में डूब गया व उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।